Total No. of Questions—30] [Total No. of Printed Pages—4

# T—8004A1

## HINDI (Special)

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 100

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रत्येक प्रश्न के सामने निर्धारित अंक दिये गये हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 11 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 12 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 50 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 75 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 26, 27 एवं 29 में प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 120 शब्द है।

(7) शेष प्रश्नों के उत्तर आवश्यकता या आन्तरिक निर्देश के अनुसार दीजिए।

1. व्याजस्तुति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

2. किस काव्य में गद्य और पद्य मिश्रित रूप से प्रयोग किये जाते हैं ? उसका नाम लिखिए। 2

3. भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए। 2

4. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 2

(अ) भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या वृद्धि के कारण लिखिए।

(ब) राम-श्याम के झगड़े का हेतु क्या हो सकता है ?

5. निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए :

(अ) राम ने बाज़ार जाकर आम खरीदे। (संयुक्त वाक्य) 1

(ब) बच्चे सुन्दर चित्र बना रहे हैं। (आज्ञावाचक) 1

6. रोला और उल्लाला से मिलकर जो संयुक्त छन्द बनता है, उसका उदाहरण लिखिए। 2

7. दूरदर्शन से प्रसारित किन्हीं दो लोकप्रिय पौराणिक धारावाहिकों के नाम लिखकर बताइए कि ये कार्यक्रम आपको क्यों पसन्द हैं। 2

8. ''यदि गद्य लेखकों की कसौटी है, तो निबन्ध गद्य की कसौटी है।'' यह कथन किस लेखक का है तथा इसका अभिप्राय क्या है? 2

9. राम को रूप निहारति जानकी, कंगन के नग की परछाई।

या तें सबै सुधि भूलि गई, कर टेकि रही पल टारत नाहीं॥

यह किस रस का उदाहरण है? 2

10. ''रिपोर्ताज'' से क्या आशय है? 2

11. निम्नांकित मुहावरों का अर्थ लिखकर सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(अ) पगड़ी उछालना। 1

(ब) अँगूठा दिखाना। 1

12. बोली की दो विशेषताएँ लिखिए एवं मध्य प्रदेश की दो प्रमुख बोलियों के नाम लिखिए। 3

13. पण्डित जवाहर लाल नेहरू की दृष्टि में डॉ. विश्वेश्वरैया की क्या महत्ता है? 3

14. साम्प्रदायिक एकता के लिए परधर्म सहिष्णुता क्यों आवश्यक है? 3

15. ''तीन सयाने'' से लेखक का क्या तात्पर्य है? तीन सयाने पाठ की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 3

16. ''धन संचय से सम्बद्ध सभी विधाएँ एक सी हैं।'' इस सत्य को चीनी फेरीवाला कैसे समझ सका? 3

17. नाटक और एकांकी में कोई तीन अन्तर बताइए। 3

18. नई कविता की तीन विशेषताएँ लिखिए। 3

**अथवा**

प्रयोगवाद और प्रगतिवादी काव्य में कोई तीन अन्तर स्पष्ट कीजिए।

19. कवि ने ''धरा वधू'' को मान किये सी ऐंठीं सी क्यों लिखा है? 3

**अथवा**

मानव-समाज में सुख-समृद्धि एवं शान्ति की स्थापना के लिए हमें क्या करना चाहिए?

20. कवि की सत्य के प्रति सही मान्यता क्या है ? 4

21. पुर से निकलने के बाद सीताजी की कोमल दशा का वर्णन कीजिए। 4

22. मधूलिका एक आदर्श प्रेमिका है—'पुरस्कार' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए। 4

23. ''भोर का तारा'' एवं ''सुबह का सूर्य'' शब्दों के सांकेतिक अर्थ स्पष्ट कीजिए। 4

24. सरदार पूर्ण सिंह अथवा जगदीश चन्द्र माथुर का साहित्यिक परिचय्र निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : 4

(अ) दो साहित्यिक कृतियाँ

(ब) भाषाशैली

(स) साहित्य में स्थान।

25. कबीरदास अथवा सूर्यकान्त त्रिपाठी ''निराला'' का काव्यगत परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : 4

(अ) दो रचनाएँ

(ब) भावपक्ष

(स) कलापक्ष।

26. निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 5

(क) ''पर ये निबन्ध तो उस मानसिक स्थिति में लिखे जाते हैं, जिसमें न ज्ञान की गरिमा रहती है और न कल्पना की महिमा, जिसमें जीवन का गौरव भूलकर हम अपने में ही लीन हो जाते हैं, जिसमें हम संसार को अपनी ही दृष्टि से देखते हैं और अपने ही भाव से ग्रहण करते हैं।''

**अथवा**

(ख) ''देखो समय सागर में एक दिन सब संसार अवश्य मग्न हो जायेगा। कालवश शशि सूर्य भी नष्ट हो जायेंगे। आकाश में तारे भी कुछ काल पीछे दृष्टि न आयेंगे। केवल कीर्तिकमल संसार सरोवर में रहे या न रहे और सब तो एक न एक दिन तप्त तवे की बूँद हुए बैठे हैं।''

27. निम्नलिखित पद्यांश की काव्यगत सौन्दर्य सहित व्याख्या कीजिए : 5

(क) दियौ, सुसीस चढ़ाइ लै, आछी भाँति अएरि।
जाके सुखु चाहतु लियौ, ताके दुखहिं न फेरि॥

**अथवा**

(ख) पेड़ों ने पत्ते तक उनका, त्याग देखकर त्यागे।
मेरा धुँधलापन कुहरा बन, छाया सबके आगे
उनके तप के अग्नि-कुंड से घर-घर में हैं जागे
मेरे कम्प हाय! फिर भी तुम नहीं कहीं से भागे।
पानी जमा परन्तु न मेरे,
खट्टे दिन का दूध-दही।

28. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आज मानव-जाति ऐसे चौराहे पर खड़ी है जहाँ से वह चाहे तो उस मार्ग को चुन सकती है जो विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय से बनने वाली दुनिया की ओर ले जाता है और चाहे तो वह ऐसे रास्ते पर जा सकती है जहाँ सम्पूर्ण मानव अपने से ही टकराकर चूर हो जायेगा। हमें कौन सा रास्ता चुनना है, यह सोचने में हम जितनी देर लगायेंगे उतना ही संकट बढ़ता जायेगा। यह निश्चित है कि यदि मनुष्य अपने को परमाणु अस्त्रों के भँवर में पड़ने से बचा सका, तो आज उसने अपने प्रयत्नों से ऐसी वैज्ञानिक उपलब्धियाँ प्राप्त कर ली हैं जिनके कारण वह शीघ्र ही विराट विश्व का नागरिक बन सकता है।

प्रश्न :

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 2

(ब) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लगभग तीस शब्दों में लिखिए। 3

29. निर्धन छात्रकोष से सहायता के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य को एक आवेदन-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

डाक वितरण की अनियमितता के कारण आपको जो हानि हुई है उसके सम्बन्ध में एक शिकायती-पत्र अपने क्षेत्र के अधीक्षक, डाक विभाग को लिखिए।

30. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में एक सारगर्भित निबन्ध लिखिए : 10

(अ) दूरदर्शन विज्ञान का वरदान

(ब) मूल्यवृद्धि कारण और निदान

(स) साक्षरता का महत्त्व

(द) हिन्दी हैं हम वतन हैं हिन्दोस्तां हमारा

(ई) समाचार-पत्र समाज के प्रहरी।

Total No. of Questions—30] [Total No. of Printed Pages—4

# T—8004B1

## HINDI (Special)

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 100

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रत्येक प्रश्न के सामने निर्धारित अंक दिये गये हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 11 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 12 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 50 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 75 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 26, 27 एवं 29 में प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 120 शब्द है।

(7) शेष प्रश्नों के उत्तर आवश्यकता या आन्तरिक निर्देश के अनुसार दीजिए।

1. रेखाचित्र किसे कहते हैं ? 2

2. मातृभाषा की दो विशेषताएँ लिखिए। 2

3. दूरदर्शन से प्रसारित किन्हीं दो ऐतिहासिक धारावाहिकों के नाम लिखकर बताइए कि ये आपको क्यों पसन्द हैं। 2

4. जिस काव्य में कथा नहीं होती और जिसके छन्द अर्थ की दृष्टि से पूर्वापर के प्रसंगों से मुक्त होते हैं, उसका नाम लिखिए। 2

5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(अ) पिता का पुत्र में विश्वास है। 1

(ब) कई ऑफिस के अधिकारी छुट्टी लेकर चले गये। 1

6. व्यतिरेक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

7. मात्रिक एवं वर्णिक छन्द की परिभाषा लिखिए। 2

8. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(अ) पहाड़ टूटना। 1

(ब) आँखों के अन्धे नाम नैन-सुख। 1

9. निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए :

(अ) राम ने बाजार जाकर आम खरीदे। (संयुक्त वाक्य) 1

(ब) बच्चे सुन्दर चित्र बना रहे हैं। (आज्ञावाचक) 1

10. निबन्ध की परिभाषा लिखिए। 2

11. ''देखि सुदामा की दीन दसा,
करुना करिके करुणानिधि रोए।
पानी परात को हाथ छुयो नहिं
नैननि के जल सों पग धोए।''

यह किस रस का उदाहरण है। 2

12. ''पुस्तकों की दुनिया ज्ञान का द्वार खोलता है।'' स्पष्ट कीजिए। 3

13. जापानी लोग वीरता की मूर्ति की पूजा क्यों करते हैं ? 3

14. वास्तविक धर्म और राजनीति प्रेरित धर्म के प्रभाव का अन्तर लिखिए। 3

15. बख्शी जी के अनुसार निबन्ध लिखने के लिए किस विशेष मानसिक स्थिति की आवश्यकता होती है ? समझाइए। 3

16. उपन्यास और कहानी में कोई तीन अन्तर लिखिए। 3

17. सूखी डाली एकांकी के आधार पर बेला के चरित्र की तीन विशेषताएँ लिखिए। 3

18. प्रगतिवादी तीन कवियों के नाम उनकी एक-एक रचना सहित लिखिए। 3

**अथवा**

नई कविता की तीन विशेषताएँ लिखिए।

19. ''यशोधरा'' पद्यखण्ड का केन्द्रीय भाव लिखिए। 3

**अथवा**

''असफलता का धूल-कचरा ओढ़े हूँ''—इस कथन के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ?

20. ''बसन्तगीत'' कविता में निराला जी ने इस ऋतु की किन-किन विशेषताओं का वर्णन किया है ? 4

21. कवि बिहारी की काव्यभाषा की विशेषताएँ लिखिए। 4

22. ''डॉ. विश्वेश्वरैया की बाल्यावस्था संघर्षों की कहानी है''—इस कथन को स्पष्ट कीजिए। 4

23. स्वप्न की पाठशाला की नियमावली के प्रवेश एवं परीक्षा सम्बन्धी नियम लिखिए। 4

24. तुलसीदास अथवा जयशंकर प्रसाद का काव्यगत परिचय अधोलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : 4

(अ) दो साहित्यिक कृतियाँ

(ब) भावपक्ष

(स) कलापक्ष।

25. गुलाबराय अथवा भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित शीर्षकों के आधार पर दीजिए : 4

(अ) दो रचनाएँ

(ब) भाषा

(स) साहित्य में योगदान।

26. निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 5

(क) ''आज मुखों की एक रूप समष्टि में मुझे एक मुख आर्द्र नीलिमामयी आँखों के साथ स्मरण आता है जिसकी मौनभंगिमा कहती है—हम कार्बन की कापियाँ नहीं हैं। हमारी भी एक कथा है। यदि जीवन की वर्णमाला के सम्बन्ध में तुम्हारी आँखें निरक्षर नहीं, तो तुम पढ़ कर देखो न।''

**अथवा**

(ख) ऐसे लोग दुनिया के तख्त को अपनी आँख की पलकों से हलचल में डाल देते हैं। जब ये शेर जगकर गरजते हैं तब सदियों तक इनकी आवाज की गूँज सुनाई देती रहती है। और सब आवाजें बन्द हो जाती हैं।

27. निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 5

(क) ''तेरा मेरा मनुवां, कैसे एक होई रे।
मैं कहता हों आँखन देखी, तू कहता है कागद की लेखी।
मैं कहता सुरझावन हारी, तू राख्यो अरुझोई रे।
मैं कहता तू जागत रहियो, तू रहता है सोई रे
मैं कहता निरमोही रहियो, तू जाता है मोहि रे॥
जुगत-जुगत समझावत हारा, कहा न मानत कोई रे।
तू तो रंगी फिरै विहँगी, सब धन डारा खोई रे
सतगुरु धारा निर्मल बाहै, वामें काया धोई रे।''

**अथवा**

(ख) ''अब मैं सूरज को नहीं डूबने दूँगा
देखो, मैंने कंधे चौड़े कर लिए हैं
मुट्ठियाँ मजबूत कर ली हैं
और ढलान पर एड़ियाँ जमाकर
खड़ा होना मैंने सीख लिया है।''

28. अधोलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''जीवन को सुखमय और संपन्न बनाने में अच्छे और विश्वसनीय मित्र का बहुत बड़ा योगदान होता है। जिस प्रकार औषधि शरीर के रोगों को दूर करके जीवन की रक्षा करती है, उसी प्रकार अच्छा और विश्वसनीय मित्र भी अपने मित्र की बहुत सी बुराइयों को दूर कर और आपत्तियों में उसका साथ देकर उसकी जिन्दगी को सुखी और संपन्न बनाता है। वह निराशा के क्षणों में आशा का संचार करता है। दुःख को बाँटता है और सुख को बढ़ाता है। इसलिए विश्वसनीय मित्रों का जीवन में बहुत महत्त्व है।''

प्रश्न :

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 2

(ब) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लगभग 30 शब्दों में लिखिए। 3

29. डाक वितरण की अनियमितता के कारण आपको जो हानि हुई है, उसके सम्बन्ध मे एक शिकायती-पत्र अपने क्षेत्र के अधीक्षक डाक विभाग को लिखिए। 5

**अथवा**

अपने मित्र को, विश्व विख्यात साँची के स्तूप के महत्त्व का वर्णन करते हुए एक पत्र लिखिए।

30. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में एक सारगर्भित निबन्ध लिखिए : 10

(अ) शिक्षा में खेलों का महत्त्व

(ब) दूरदर्शन विज्ञान का वरदान

(स) करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान

(द) पेड़-पौधे और हम

(ई) साक्षरता का महत्त्व।

Total No. of Questions—30] [Total No. of Printed Pages—4

# T—8004C1

## HINDI (Special)

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 100

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रत्येक प्रश्न के सामने निर्धारित अंक दिये गये हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 11 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 12 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 50 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 75 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 26, 27 एवं 29 में प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 120 शब्द है।

(7) शेष प्रश्नों के उत्तर आवश्यकता या आन्तरिक निर्देश के अनुसार दीजिए।

1. किस काव्य में जीवन की एक घटना का विवरण एवं एक ही छन्द का प्रयोग होता है। उसका नाम लिखिए। 2

2. मत्तगयन्द सवैया का उदाहरण लिखिए। 2

3. गद्य की "जीवनी" विधा की परिभाषा लिखिए। 2

4. सिंहासन हिल-उठे, राजवंशों ने भृकुटी तानी थी।
बूढ़े भारत में भी आई फिर से नई जवानी थी।
खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी।

यह किस रस का उदाहरण है ? 2

5. 'व्याजनिन्दा' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

6. निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए :

(अ) राम ने बाज़ार जाकर आम खरीदे। (संयुक्त वाक्य) 1

(ब) बच्चे सुन्दर चित्र बना रहे हैं। (आज्ञावाचक) 1

7. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :

(अ) धूल में मिला देना। 1

(ब) पलकें बिछाना। 1

8. दूरदर्शन से प्रसारित किन्हीं दो लोकप्रिय सामाजिक धारावाहिकों के नाम लिखकर बताइए कि ये कार्यक्रम आपको क्यों प्रिय हैं। 2

9. ''राजभाषा'' किसे कहते हैं ? किसी एक राजभाषा का नाम लिखिए। 2

10. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :

(अ) उसके पास पाँच भूगोल की पुस्तकें हैं। 1

(ब) सरोवर के अन्दर पानी भरा है। 1

11. दो प्रमुख निबन्धकारों के नाम उनकी एक-एक रचना सहित लिखिए। 2

12. गद्य की ''नाटक'' विधा की तीन विशेषताएँ लिखिए। 3

13. सोते समय भारतेन्दु के मन में कौन-कौन से विचार आये ? 3

14. जापानी लोग वीरता की मूर्ति की पूजा क्यों करते हैं ? 3

15. साधारण कृषक कन्या मधूलिका की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। 3

16. बिस्मिल जी का नाम अमर शहीदों में क्यों लिया जाता है ? 3

17. लोकगीत की तीन विशेषताएँ लिखिए। 3

18. नई कविता की तीन विशेषताएँ लिखिए। 3

**अथवा**

छायावादी तीन कवियों के नाम उनकी एक-एक रचना सहित लिखिए।

19. ''अब मैं सूरज को नहीं डूबने दूँगा''—इस कथन के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ? 3

**अथवा**

''बसन्तगीत'' कविता में निराला जी ने बसन्त ऋतु की किन-किन विशेषताओं का वर्णन किया है ?

20. कवि मुक्तिबोध की सत्य के प्रति सही मान्यता क्या है ? 4

21. कबीर ने ईश्वर की सर्वव्यापकता बताने के लिए किसका उदाहरण दिया है ? 4

22. 'सूखी डाली' एकांकी के वटवृक्ष दादा मूलराज की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। 4

23. चीनी फेरीवाला अपने देश वापस क्यों चला गया? लेखिका ने उसे किस प्रकार सहायता दी? 4

24. सरदार पूर्ण सिंह अथवा भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 4

(अ) दो रचनाएँ

(ब) शैली

(स) भाषा।

25. बिहारी अथवा मैथिलीशरण गुप्त का काव्यगत परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : 4

(अ) दो रचनाएँ

(ब) भावपक्ष

(स) साहित्य में स्थान।

26. निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 5

(क) धर्म एकता का द्योतक है। उसे पार्थक्य का साधन न बनाना चाहिए। जो सम्प्रदाय अपने धर्म का आदर चाहता है उसको दूसरे के धर्म का आदर करना चाहिए सब धर्म मूल में एक ही हैं, सभी धर्म मनुष्य के साथ सद्व्यवहार सिखाते हैं, ईश्वर किसी विशेष धर्म या जाति का नहीं।

अथवा

(ख) यह बात सच है कि दूर रहने से हमें यथार्थ की कठोरता का अनुभव नहीं होता। यही कारण है कि जो तरुण संसार के जीवन संग्राम से दूर हैं, उन्हें संसार का चित्र बड़ा ही मनमोहक प्रतीत होता है। प्रेम की वेदना ही उनके लिए वेदना है। प्रियतमा की निष्ठुरता ही उनके लिए निष्ठुरता है।

27. निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 5

(क) केसव! कहि न जाइ का कहिए।
देखत तव रचना विचित्र अति समुझि मनहिं मन रहिए
शून्य भीति पर चित्र, रंग नहिं तनु बिनु लिखा चितेरे
धोए मिटे न मरइ भीति, दुःख पाइय इहि तनु हेरे
रविकर नीर बसै अति दारुन मकर रूप तेहि माहीं।
बदनहीन सो ग्रसै चराचर, पान करन जे जाहीं
कोउ कह सत्य झूठ कहे कोऊ जुगल प्रबल कोउ मानै।

**अथवा**

(ख) सिर नीचा कर किसकी सत्ता,
सब करते स्वीकार यहाँ,
सदा मौन हो प्रवचन करते
जिसका, वह अस्तित्व कहाँ ?

28. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''आज जब शस्त्रों की झन-झनाहट में जीवन का संगीत विलीन हो चुका है, विद्वेष की काली छाया में विकास का पथ खोता जा रहा है, तब संस्कृति की चर्चा व्यंग्य जैसे लगे तो आश्चर्य नहीं, परन्तु जीवन के साधारण नियम में विश्वास रखने वाला यह जानता है कि सघन से सघन बादल भी आकाश बन जाने की क्षमता नहीं रखता। वज्रपात का कठोर से कठोर शब्द भी स्थायी हो जाने की शक्ति नहीं रखता। जब मनुष्य का आत्मघाती आवेश शांत हो जायेगा, तब जीवन के विकास के लिए सृजनशील तत्वों की खोज में सांस्कृतिक चेतना और उसकी अभिव्यक्ति के विविध रूप महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।''

प्रश्न :

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 2

(ब) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लगभग तीस शब्दों में लिखिए। 3

29. डाक वितरण की अनियमितता के कारण आपको जो हानि हुई है, उसके सम्बन्ध में एक शिकायती-पत्र अपने क्षेत्र के अधीक्षक, डाक विभाग को लिखिए। 5

**अथवा**

खेलों की आवश्यक तैयारी तथा खेल का सामान उपलब्ध कराने के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य को एक आवेदन-पत्र लिखिए।

30. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में एक सारगर्भित निबन्ध लिखिए : 10

(अ) अनुशासन का महत्त्व

(ब) नारी शिक्षा का महत्त्व

(स) दूरदर्शन विज्ञान का वरदान

(द) साक्षरता का महत्त्व

(ई) भारत की ज्वलन्त वर्तमान समस्याएँ।

Total No. of Questions—30] [Total No. of Printed Pages—4

# T—8005A2

## HINDI (Special)

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 100

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रत्येक प्रश्न के सामने निर्धारित अंक दिये गये हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 11 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 12 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 50 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 75 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 26, 27 एवं 29 में प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 120 शब्द है।

(7) शेष प्रश्नों के उत्तर आवश्यकता या आन्तरिक निर्देश के अनुसार दीजिए।

1. शृंगार रस की परिभाषा लिखकर उदाहरण दीजिए। 2

2. महाकाव्य किसे कहते हैं ? दो लक्षण लिखिए। 2

3. ''बिनु पद चलै सुनै बिनु काना।
कर बिनु कर्म करै विधि नाना॥''
यह किस अलंकार का उदाहरण है ? 2

4. किसी लोकगीत की चार पंक्तियाँ लिखिए। 2

5. रोला और उल्लाला से मिलकर बनने वाले छन्द का नाम बताइए तथा इस छन्द का उदाहरण लिखिए। 2

6. निर्देशानुसार वाक्य-परिवर्तन कीजिए : 2

(अ) प्रसिद्ध गायक का सभी आदर करते हैं। (मिश्र वाक्य)

(ब) आदमी का हवा में उड़ना कठिन है। (बिना अर्थ बदले नकारात्मक वाक्य)

7. निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(अ) घाट-घाट का पानी पीना।

(ब) उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे।

8. निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

(अ) वे सज्जन पुरुष कौन हैं?

(ब) आप अपने मन से सोचें।

9. रेखाचित्र किसे कहते हैं? एक रेखाचित्रकार का नाम लिखिए। 2

10. दूरदर्शन से प्रसारित किन्हीं दो धार्मिक धारावाहिकों के नाम लिखकर बताइए कि वे आपको क्यों प्रिय हैं। 2

11. गद्य-काव्य किसे कहते हैं? हिन्दी के दो प्रमुख गद्य-काव्य लेखकों के नाम लिखिए। 2

12. अपनी पाठ्यपुस्तक से प्रगतिवाद के दो कवियों के नाम लिखिए और उनकी एक-एक रचना का नाम भी लिखिए। 3

13. "सच्चे वीर पुरुष धीर, गम्भीर और आजाद होते हैं।" भाव विस्तार कीजिए। 3

14. 'चीनी फेरीवाला' अपनी अनदेखी माँ के प्रति अटूट श्रद्धा क्यों रखता है? 3

15. "तो मुझे भी प्राणदण्ड मिले।" इस कथन के परिप्रेक्ष्य में 'पुरस्कार' शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए। 3

16. भाषा और बोली में तीन अन्तर लिखिए। 3

17. देशवासियों के प्रति बिस्मिल जी का अंतिम संदेश क्या था? 3

18. 'दिनकर जी' के अनुसार विश्व में व्याप्त अशांति का क्या कारण है? 3

**अथवा**

'हिम संसृति' पर आलोक बिखेरने की तुलना प्रसाद जी ने किससे की है?

19. द्विवेदी-युग के प्रवर्तक का नाम लिखते हुए द्विवेदी-युग के दो निबन्धकारों के नाम लिखिए। 3

**अथवा**

निबन्ध किसे कहते हैं? हिन्दी निबन्ध के चार भेद लिखिए।

20. बिहारी ने 'गागर में सागर भरा है'—इस कथन को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 4

21. कवि गुप्त ने 'विश्व-वेदना' को किस प्रकार व्यक्त किया है? 4

22. वीरों के बनाने के कारखाने कायम नहीं हो सकते हैं। क्यों? 4

23. लेखक ने 'तीन सयाने' शब्द का प्रयोग किस उद्देश्य से किया है? प्रचलित अर्थ से यह अर्थ किस प्रकार भिन्न है? 4

24. गुलाबराय अथवा जगदीश चन्द्र माथुर का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : 4

(अ) भाषा-शैली

(ब) दो रचनाएँ

(स) साहित्य में स्थान।

25. तुलसीदास अथवा सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : 4

(अ) कलापक्ष

(ब) दो रचनाएँ

(स) साहित्य में स्थान।

26. निम्नलिखित गद्यांश की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 5

''हैट टाँगने के लिए कोई भी खूँटी काम दे सकती है, उसी तरह अपने मनोभावों को व्यक्त करने के लिए कोई भी विषय उपयुक्त हैं। असली वस्तु है हैट, खूँटी नहीं। इसी तरह मन के भाव ही तो यथार्थ वस्तु है, विषय नहीं।''

**अथवा**

''देखो समय सागर में एक दिन सब संसार अवश्य मग्न हो जायेगा। काल-वश, शशि-सूर्य भी नष्ट हो जाएँगे। आकाश में तारे भी कुछ काल पीछे दृष्टि न आएँगे। केवल कीर्ति-कमल संसार सरवर में रहें वा न रहें और सब तो एक न एक दिन तप्त तवे की बूँद हुए बैठे हैं।''

27. काव्यगत सौन्दर्य का उल्लेख करते हुए निम्नलिखित काव्यांश की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 5

तंत्री-नाद कवित्त रस, सरस राग रति रंग।
अन बूड़े बूड़े करै, जे बूड़े सब अंग॥

**अथवा**

''विश्वदेव सविता या पूषा''
सोम, मरुत चंचल पवमान;
वरुण आदि सब घूम रहे हैं
किसके शासन में अम्लान?

28. अधोलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''बढ़ती हुई आबादी की समस्या मानव की न्यूनतम आवश्यकताओं—रोटी, कपड़ा और मकान की कमी उत्पन्न करेगी, जीवन स्तर को गिराएगी, देश में हो रहे विकास कार्यों का लाभ जन-जन तक पहुँचाने में रोड़ा अटकायेगी, राष्ट्र की प्रगति पर प्रश्न-चिह्न लगायेगी तथा असामाजिक तत्वों का निर्माण कर जीवन मूल्यों का गला घोट देगी। भारत को इन सब समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि निरन्तर बढ़ रही जनसंख्या चट्टान बनकर सामने खड़ी है।''

प्रश्न :

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 2

(ब) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए। 3

29. परीक्षाकाल में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने हेतु जिलाधीश महोदय को शिकायती-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अपने मित्र को एक सान्त्वना-पत्र लिखिए, जो मोटर दुर्घटना के कारण अस्पताल में भर्ती है।

30. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में एक सारगर्भित निवन्ध लिखिए : 10

(अ) शिक्षित बेरोज़गारी की समस्या

(ब) आरक्षण नीति

(स) वृक्षारोपण का महत्त्व

(द) भ्रष्टाचार : समस्या व निदान

(ई) विज्ञान : विकास या विनाश।

Total No. of Questions—30] [Total No. of Printed Pages—4

# T—8005B2

## HINDI (Special)

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 100

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रत्येक प्रश्न के सामने निर्धारित अंक दिये गये हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 11 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 12 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 50 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 75 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 26, 27 एवं 29 में प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 120 शब्द है।

(7) शेष प्रश्नों के उत्तर आवश्यकता या आन्तरिक निर्देश के अनुसार दीजिए।

1. कविता किसे कहते हैं ? 2

2. नेह नैननि कौं कछु, उपजी बड़ी बलाय।
नीर भरे नित्-प्रति रहे, तऊ न प्यास बुझाय॥
यह किस अलंकार का उदाहरण है ? नाम लिखिए। 2

3. स्थायी भाव तथा व्याभिचारी भाव में क्या अन्तर है ? 2

4. रोला और उल्लाला से मिलकर बनने वाले छन्द का नाम बताइए तथा इस छन्द का उदाहरण लिखिए। 2

5. किसी भी लोकगीत की चार पंक्तियाँ लिखिए। 2

6. निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(अ) पैरों तले धरती खिसकना।

(ब) खोदा पहाड़ निकली चुहिया।

7. आलोचना (समीक्षा) विधा को परिभाषित कीजिए। 2

8. दूरदर्शन का कौन सा कार्यक्रम आपको पसन्द है और क्यों ? 2

9. निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

(अ) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।

(ब) उसके बाद फिर क्या हुआ ?

10. हिन्दी साहित्य के प्रमुख दो एकांकीकारों के नाम के साथ उनके एक-एक एकांकी का नाम भी लिखिए। 2

11. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए : 2

(अ) उसने अपने मित्र का मकान खरीदा। (मिश्र वाक्य)

(ब) मैंने स्टेशन से टिकट खरीदी और घर लौट आया। (सरल वाक्य)

12. राजभाषा की तीन विशेषताएँ लिखिए। 3

13. 'भोर का तारा' एवं 'प्रभात का सूर्य' इनके सांकेतिक अर्थ स्पष्ट कीजिए। 3

14. डॉ. विश्वेश्वरैया के जीवन से आप किस प्रकार प्रेरणा ग्रहण करेंगे ? 3

15. ''राष्ट्र का हित सबका सम्मिलित हित है।'' भाव-विस्तार कीजिए। 3

16. अपनी पाठ्यपुस्तक में से प्रगतिवाद के दो कवियों के नाम लिखिए। उनकी एक-एक रचना का नाम भी लिखिए। 3

17. रामप्रसाद बिस्मिल भारत में ही पुनर्जन्म क्यों लेना चाहते थे ? 3

18. ''वह असफलता का धूल-कचरा ओढ़े है।'' मुक्तिबोध ने ऐसा क्यों कहा है ? 3

**अथवा**

''मैंने ही क्या, सहा सभी ने, मेरी बाधा-व्यथा सही।'' का आशय स्पष्ट कीजिए।

19. शुक्ल-युगीन तीन निबन्धकारों के नाम तथा उनकी एक-एक रचना का नाम भी लिखिए। 3

**अथवा**

द्विवेदी-युग की तीन प्रवृत्तियाँ लिखिए।

20. 'इन्द्रनीलमणि महाचषक था' से कवि का क्या आशय है ? 4

21. कबीर ने माया को त्रिविध का तरुवर क्यों कहा है ? 4

22. 'स्वप्न की पाठशाला' के कोई चार नियम लिखिए। 4

23. 'सूखी डाली' एकांकी का शीर्षक आपको कैसा लगा? कारण सहित लिखिए। 4

24. महादेवी वर्मा अथवा भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : 4

(अ) भाषा-शैली

(ब) दो रचनाएँ

(स) साहित्य में स्थान।

25. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' अथवा गजानन माधव 'मुक्तिबोध' का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : 4

(अ) कलापक्ष

(ब) दो रचनाएँ

(स) साहित्य में स्थान।

26. निम्नलिखित गद्यांश की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 5

''रुचियों की विविधता के कारण लोग टेढ़ा और सीधा मार्ग ग्रहण करते हैं, तुम ही एक सबके गम्य स्थान हो जिस तरह से कि सब नदियों का एक लक्ष्य समुद्र ही है, यदि हममें यह भावना आ जाये तो साम्प्रदायिक झगड़े बंद हो जाएँ, सांप्रदायिक झगड़ों से देश की शक्ति क्षीण होती है और पारस्परिक वैमनस्य जड़ें जकड़ता जाता है।''

**अथवा**

''कविता तो कोमल हृदयों की चीज है। मुझ जैसे काम-काजी राजनीतिज्ञों और सैनिकों के तो छूने भर से मुरझा जायेगी। हम लोगों के लिए तो दुनिया की और उलझनें ही बहुत हैं।''

27. काव्यगत सौन्दर्य का उल्लेख करते हुए निम्नलिखित काव्यांश की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 5

सुनि सुन्दर बैन सुधा रस साने,
    सयानी हैं जानकी जानी भली।
तिरछे करि नैन दै सैन तिन्हैं,
    समुझाइ कछु मुसुकाइ चली।
तुलसी तेहि अवसर सोहे सबै,
    अवलोकति लोचन-लाहु अली।
अनुराग-तड़ाग में भानु उदै
    बिगसी मनो मंजुल कंज-कली॥

**अथवा**

सब हो सकते तुष्ट, एक-सा सब सुख पा सकते हैं।
चाहें तो पल में धरती को स्वर्ग बना सकते हैं।
छिपा दिए सब तत्व आवरण के नीचे ईश्वर ने।
संघर्षों से खोज निकाला उन्हें उद्यमी नर ने॥

28. अधोलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''मनुष्य के लिए प्रतिभा नहीं, उद्देश्य आवश्यक हैं। आँख मींचकर फेंका हुआ तीर अपना लक्ष्य नहीं भेद सकता, भला उस व्यक्ति के बारे में आप क्या सोचेंगे, जो गाड़ी में सवार होने के लिए स्टेशन पर पहुँचा हुआ है, परन्तु उसे यह नहीं मालूम कि उसे कहाँ जाना है? हम सब भी विश्व के रंगमंच पर आये हुए हैं। जीवन की नौका जो संसार में खेने से पूर्व हमें जान लेना चाहिए कि हमें कहाँ जाना है?

अत: हम सब अपनी इन बंद आँखों को खोल लें, उद्देश्य बनाएँ और चल पड़ें। जिस नाविक ने लक्ष्य स्थिर किया उसके प्रतिकूल हवा कभी नहीं चलेगी।''

प्रश्न :

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 2

(ब) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए। 3

29. प्रवन्धक, बैंक ऑफ इण्डिया, भोपाल को लिपिक पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

परीक्षाकाल में ध्वनि-विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने हेतु जिलाधीश महोदय को शिकायती-पत्र लिखिए।

30. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में एक सारगर्भित निवन्ध लिखिए : 10

(अ) दूरदर्शन और विद्यार्थी वर्ग

(ब) आरक्षण नीति

(स) राष्ट्र-निर्माण में नारी का योगदान

(द) जीवन में खेलों का महत्त्व

(ई) विज्ञान : विकास या विनाश।

Total No. of Questions—30] [Total No. of Printed Pages—4

# T—8005C2

## HINDI (Special)

Time : 3 Hours

Maximum Marks : 100

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रत्येक प्रश्न के सामने निर्धारित अंक दिये गये हैं।

(3) प्रश्न क्रमांक 1 से 11 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 12 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 50 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 75 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 26, 27 एवं 29 में प्रत्येक प्रश्न के उत्तर की शब्द-सीमा लगभग 120 शब्द है।

(7) शेष प्रश्नों के उत्तर आवश्यकता या आन्तरिक निर्देश के अनुसार दीजिए।

1. 'मत्तगयन्द' सवैया छन्द के लक्षण लिखिए। 2

2. निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(अ) कान का कच्चा होना।

(ब) हाथ कंगन को आरसी क्या?

3. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए : 2

(अ) मेरा लड़का बुद्धिमान है। (बिना अर्थ बदले नकारात्मक)

(ब) आप दिल्ली जाएँगे। (संयुक्त वाक्य)

4. किस काव्य में जीवन की एक घटना का वर्णन तथा एक ही छन्द का प्रयोग किया जाता है? 2

5. कनक-कनक ते सौ गुनी, मादकता अधिकाय।
या खाये बौरात् जग, वा पाये बौराय॥

यह किस अलंकार का उदाहरण है? नाम लिखिए। 2

6. क्रोध और उत्साह किन रसों के स्थायी भाव हैं ? इनमें से किसी एक रस की परिभाषा लिखिए। 2

7. किसी लोकगीत की चार पंक्तियाँ लिखिए। 2

8. 'रिपोर्ताज' किसे कहते हैं ? किसी एक लेखक का नाम लिखिए। 2

9. दूरदर्शन से प्रसारित होने वाले दो सामाजिक धारावाहिकों के नाम लिखिए। 2

10. निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

(अ) समाज और साहित्य का घोर सम्बन्ध है।

(ब) लता गुणवान नारी है।

11. एकांकी के चार तत्वों के नाम लिखिए। 2

12. मातृभाषा का ज्ञान प्राप्त करना क्यों आवश्यक है ? 3

13. समाज में सुधार क्यों होते रहते हैं ? 'क्या लिखूँ ?' पाठ के आधार पर लिखिए। 3

14. रामप्रसाद बिस्मिल की अन्तिम इच्छा क्या थी ? 3

15. 'भोर का तारा' एकांकी में किस पात्र ने आपको सर्वाधिक प्रभावित किया ? उसकी चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 3

16. डॉ. विश्वेश्वरैया के अनुसार दीर्घ एवं सफल जीवन के लिए कौन-कौन सी बातें आवश्यक हैं ? 3

17. छायावाद की कोई तीन प्रवृत्तियाँ लिखिए। 3

18. कवि सूरज को क्यों नहीं डूबने देना चाहता ? 3

**अथवा**

अपनी पाठ्यपुस्तक से प्रगतिवाद के दो कवियों के नाम लिखिए और उनकी एक-एक रचना का नाम भी लिखिए।

19. भारतेन्दु-युग के तीन निबंधकारों के नाम तथा उनकी एक-एक रचना का नाम भी लिखिए। 3

**अथवा**

शुक्ल-युग के निबंधों की तीन विशेषताएँ लिखिए।

20. यशोधरा ने अपने पति सिद्धार्थ के विषय में उपालम्भ में क्या कहा और क्यों ? 4

21. 'सुन मन मूढ़ सिखावन मेरो' पद में तुलसी 'मूढ़' मन को क्या सिखावन दे रहे हैं ? 4

22. 'चीनी फेरीवाले' की कौन सी दो इच्छाएँ थीं? वे कैसे पूरी हुई? 4

23. 'तीन-सयाने' पाठ की तीन प्रमुख विशेषताएँ बताइए। 4

24. गुलाबराय अथवा भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : 4

(अ) भाषा-शैली

(ब) दो रचनाएँ

(स) साहित्य में स्थान।

25. गोस्वामी तुलसीदास अथवा सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर दीजिए : 4

(अ) कलापक्ष

(ब) दो रचनाएँ

(स) साहित्य में स्थान।

26. निम्नलिखित गद्यांश की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 5

''अंग्रेजी की क्रियाहीन संज्ञाएँ और हिन्दुस्तानी की संज्ञाहीन क्रियाओं के सम्मिश्रण से जो विचित्र भाषा बनती थी, उसमें कथा का सारा मर्म बँध नहीं पाता था, पर जो कथाएँ हृदय का बाँध तोड़कर दूसरों को अपना परिचय देने के लिए बह निकलती हैं, वे प्रायः करुण होती हैं और करुणा की भाषा शब्दहीन रहकर भी बोलने में समर्थ है।''

**अथवा**

''वह लाल गुदड़ियों के भीतर छिपा रहता है। कन्दराओं में, गारों में, छोटी-छोटी झोपड़ियों में बड़े-बड़े वीर महात्मा छिपे रहते हैं। पुस्तकों और अखबारों को पढ़ने से या विद्वानों के व्याख्यानों को सुनने से तो बस ड्राइंग-हाल के वीर पैदा होते हैं, उनकी वीरता अनजांन लोगों से अपनी स्तुति सुनने तक खत्म हो जाती है। असली वीर तो दुनिया की बनावट और लिखावट के मखौलों के लिए नहीं जीते।''

27. काव्यगत सौन्दर्य का उल्लेख करते हुए निम्नलिखित पद्यांश की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 5

तृष्णा सींची न बुझै, दिन-दिन बढ़ती जाय।
जवासा के रूप ज्यों, घन मेहा कुम्हिलाय॥

**अथवा**

''तुम्हारी प्रेरणाओं से मेरी प्रेरणा इतनी भिन्न है
कि जो तुम्हारे लिए विष है, मेरे लिए अन्न है।

मेरी असंग स्थिति में चलता-फिरता साथ है,
अकेले में सहचर्य का साथ है,
उनका जो तुम्हारे द्वारा गर्हित है
किन्तु वे मेरी व्याकुल आत्मा से बिम्बित है, पुरस्कृत है
इसलिए तुम्हारा मुझ पर सतत् आघात है॥''

28. अधोलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''जीवन का वास्तविक सुख मनुष्य को अपनों से प्राप्त होता है। जो प्रात: से सायंकाल पर्यन्त खून-पसीना एक करते हुए कर्मक्षेत्र में डटा रहता है, चिन्ताएँ उससे दूर भागती हैं। ऐसे व्यक्ति को व्यर्थ की बातें सोचने का अवसर ही नहीं मिलता। उसे अपने पैरों पर खड़े होने का अटूट विश्वास होता है, फिर वही किसी के सामने हाथ फैलाकर दीनता का प्रदर्शन क्यों करे? वह जानता है कि उसके पास दैवी वरदान रूप में प्राप्त दो सुदृढ़ हाथ हैं, जिससे वह अपने भाग्य का निर्माण स्वयं कर सकता है। परिश्रमी सदैव आत्मनिर्भर होता है। कठिनता को सरलता में बदलने की शक्ति का उसमें स्वत: विकास होता है।''

प्रश्न :

(अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 2

(ब) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए। 3

29. उत्तर-पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन हेतु सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल को आवेदन-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

परीक्षाकाल में ध्वनि-विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने हेतु जिलाधीश महोदय को शिकायती-पत्र लिखिए।

30. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में एक सारगर्भित निबन्ध लिखिए : 10

(अ) प्रदूषण : समस्या और निदान

(ब) विज्ञान : विकास या विनाश

(स) देश की अखण्डता और आतंकवाद

(द) साहित्य की जीवन में महत्ता

(ई) आरक्षण नीति।